रविवार
07 जनवरी 2023

केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज

ऑन द स्पॉट सुनी गईं समस्याएं, पात्र व्यक्तियों को मिला योजनाओं का लाभ

2

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 71 खिलाड़ियों को प्रदान किया नियुक्ति पत्र

खेलों को बढ़ावा देने के लिए अलग से खेल संबंधित विभाग का होगा गठन: नीतीश

मेडल लाओ नौकरी पाओ

- सीएम बोले- अच्छे खिलाड़ियों को दी जायेगी छात्रवृति ताकि खिलाड़ी अपना पूरा ध्यान खेल पर केंद्रित कर सकें
- नये नियम के अनुसार खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करने पर एसडीओ और डीएसपी तक बनने का मिलेगा मौका

केटी न्यूज/पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इसके तहत मुख्यमंत्री ने चीन के हांगझोऊ में आयोजित 19 वां एशियन गेम्स तथा चतुर्थ एशियन पारा गेम्स, 2023 के हाईजंप प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता शैलेश कुमार, कॉमनवेल्थ गेम्स में लॉन बॉल खेल में पदक जीतने वाले चंदन कुमार सिंह, चतुर्थ एशियन पारा गेम्स, 2023 के तैराकी में मो. शम्स आलम शेख, साइकिलिंग ट्रैक में जलालुद्दीन अंसारी, फेनसिंग (तलवारबाजी) में आकाश कुमार, कबड्डी में सागर कुमार, एशियन गेम्स के रग्बी खेल में श्वेता शाही सहित कबड्डी, रग्बी, मार्शल आर्ट, एथलेटिक्स, फुटबॉल तथा ड्रैगन बॉल खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 71 खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि रेलवे में खिलाड़ियों को नौकरी देने की तर्ज पर वर्ष 2010 से बिहार में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देना शुरू किया गया, जिसके तहत वर्ष 2010 में 33, वर्ष 2011 में 125, वर्ष 2015 में 82 तथा वर्ष 2020 में 31 को मिलाकर कुल 271 खिलाड़ियों को लिपिक वर्ग की नौकरियां दी गयी थीं।

उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए बनाई गई है सीधी नियुक्ति नियमावली

अब राज्य में खेलों के प्रति युवाओं की रुचि बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के द्वारा मेडल लाओ नौकरी पाओ तर्ज पर बिहार के उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति नियमावली 2023 बनायी गयी है। इसके तहत राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में मेडल पाने वाले खिलाड़ियों को सीधे नौकरी दी जा रही है। इस नये नियम के अनुसार खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करने पर एसडीओ और डीएसपी तक बनने का मौका मिलेगा। इस नियमावली के तहत आज 71 खिलाडियों को नौकरी दी गयी है, जिसमें 2 को पदाधिकारी की नौकरी दी गयी है, जिसमें बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी शामिल हैं। 69 को पुलिस अवर निरीक्षक, समाज कल्याण विभाग में अधीक्षक एवं डाटा इन्ट्री ऑपरेटर एवं लिपिक की नौकरियां दी गयी हैं।

खेलों को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए हैं कई कदम: सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। अभी तक खेल से संबंधित सभी कार्य कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के अधीन किये जाते हैं। खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य में अलग से खेल से संबंधित विभाग का गठन किया जायेगा। अब इसी विभाग द्वारा खेलकूद से संबंधित कार्यों को किया जायेगा। साथ ही अच्छे खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति दी जायेगी, जिससे युवा खिलाड़ी अपना पूरा ध्यान खेल पर दे सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्ति-पत्र पानेवाले सभी खिलाड़ियों को मैं शुभकामनायें देता हूं। साथ ही इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए सामान्य प्रशासन विभाग, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण को धन्यवाद देता हूं।

दिल से खेलो मिल के जीतो लघु फिल्म की गई प्रदर्शित

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव डॉ० बी. राजेन्दर ने हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया तथा नियुक्ति पत्र पानेवाले सभी खिलाड़ियों के हस्ताक्षर युक्त मोमेंटो को खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री को भेंट किया। कार्यक्रम के दौरान 'दिल से खेलो मिलके जीतो' पर आधारित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री जितेंद्र कुमार राय ने भी संबोधित किया। सभी ने युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की बात कही ताकि राज्य सरकार की ओर से उन्हें नौकरी प्रदान की जा सके।

सीएम ने दिया आश्वासन

आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के मानदेय में होगी सम्मानजनक वृद्धि

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से 1 अणे मार्ग स्थित 'लोक संवाद' में बिहार राज्य के आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के शिष्टमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। शिष्टाचार मुलाकात के क्रम में आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने अपनी समस्यायें मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं की समस्याओं को सुनने के बाद कहा कि राज्य में आंगनबाड़ी सेवाओं में बेहतरी के लिये कई कदम उठाये गये हैं। आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं का मानदेय में समय-समय पर वृद्धि की जाती रही है। उन्होंने कहा कि आप सबने जो मांग की है, उसके आधार पर आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि की जायेगी। उन्होंने कहा कि जो आंगनबाड़ी सेविकायें एवं सहायिकायें हड़ताल अवधि में चयनमुक्त कर दी गयीं थी, उनकी वापसी की जायेगी। इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी, समाज कल्याण विभाग के सचिव श्री प्रेम सिंह मीणा उपस्थित थे।

भारत का पहला सोलर मिशन आदित्य एल1 ने रचा इतिहास... मंजिल लैग्रेंज प्वाइंट-1 पर पहुंचा

एजेंसी/बेंगलुरु



भारत ने स्पेस सेक्टर में शनिवार को एक और बड़ी कामयाबी हासिल कर ली है। चंद्रयान-3 की सफलता के बाद भारत का पहला सोलर मिशन आदित्य एल1 शाम 4 बजे के करीब अपने लक्ष्य पर पहुंच गया है। भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो ने इसे कमांड देकर एल-1 पॉइंट की हेलो ऑर्बिट पर पहुंचा दिया है। यान को पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लैग्रेंज प्वाइंट 1 (एल 1) के आसपास एक प्रभामंडल कक्षा में स्थापित किया गया है। इस तरह 2 सितंबर को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से सूर्य की ओर शुरू हुई 15 लाख किलोमीटर की यह यात्रा अपने मुकाम पर पहुंच गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बड़ी कामयाबी के लिए देश को बधाई दी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, 'भारत ने एक और उपलब्धि हासिल की। भारत की पहली सौर वेधशाला आदित्य-एल1 अपने गंतव्य तक पहुंची। यह सबसे जटिल और पेचीदा अंतरिक्ष अभियानों को साकार करने में हमारे वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण है। हम मानवता के लाभ के लिए विज्ञान की नई सीमाओं को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे। उधर केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा, भारत के लिए यह साल शानदार रहा। पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, टीम इसरो द्वारा लिखी गई एक और सफलता की कहानी। सूर्य-पृथ्वी कनेक्शन के रहस्यों की खोज के लिए आदित्य एल1 अपनी अंतिम कक्षा में पहुंच गया है।

इसरो के सौर मिशन आदित्य-एल1 के हेलो ऑर्बिट में प्रवेश करने पर इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा, 'यह हमारे लिए बहुत संतुष्टिदायक है क्योंकि यह एक लंबी यात्रा का अंत है। लिफ्ट-ऑफ से लेकर अब तक 126 दिन बाद यह अंतिम बिंदु पर पहुंच गया है। इसलिए अंतिम बिंदु तक पहुंचना हमेशा एक चिंताजनक क्षण होता है, लेकिन हम इसके बारे में बहुत आश्वस्त थे। तो जैसा अनुमान लगाया गया था वैसा ही हुआ।

सूरज अपनी धरती के सबसे नजदीक का तारा है। इससे बहुत ज्यादा एनर्जी निकलती है। सौर लपटें भी उठती रहती हैं। इनकी लपटों की दिशा अगर धरती की तरफ हो जाए तो स्पेसक्राफ्ट, सैटलाइट और कम्युनिकेशन सिस्टम खराब हो सकते हैं। ऐसी सौर घटनाओं की आदित्य एल1 समय रहते सूचना देगा, जिससे नुकसान को कम किया जा सकता है।

जमुई में सुरक्षा बलों को देख भागे नक्सली, हथियारों का जखीरा बरामद

केटी न्यूज/पटना

जमुई एसपी और एसएसबी जवानों को तेतरिया जंगल में नक्सलियों के होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। सुरक्षा वालों को अपनी ओर आता देख नक्सलियों का दस्ता गिरिडीह के जंगल की ओर फरार हो गया। सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा छोड़े गए 6 देसी राइफल, 12 जिंदा कारतूस, 2 डेटोनेटर और 2 पावर जेल बरामद किया है। इस बात की जानकारी जमुई एसपी डॉक्टर शौर्य सुमन ने दी। उन्होंने बताया कि एसएसबी जवानों को गुप्त सूचना मिली थी कि जमुई जिले के तेतरिया जंगल में नक्सलियों का दस्ता इकट्ठा हुआ है और कोई बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलने के बाद 16वीं बटालियन के कंपनी कमांडर चरका पत्थर थानाध्यक्ष और नक्सली तकनीकी सेल के जवानों ने सर्च अभियान चलाया। इस दौरान सुरक्षा कर्मियों को देखते ही नक्सली मौके से फरार हो गये। सुरक्षा बलों ने जंगल से हथियारों का जखीरा बरामद किया है।

मुंगेर में मिनी आर्म्स फैक्ट्री का उद्भेदन

पटना/मुंगेर। बिहार एसटीएफ की विशेष टीम के द्वारा शुक्रवार की देर शाम मुंगेर जिले से मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। जिसकी जानकारी पटना एसटीएफ के द्वारा प्रेस रिलीज कर दी गई। इसके अनुसार शामपुर थाना क्षेत्र के मंदारे पहाड़ी पर छापेमारी की गई। जहां से मिनीगन फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया। जिसमें जिला मुंगेर के मुफिस्सिल थाना क्षेत्र के बरदह मिजार्पुर गांव निवासी हथियार तस्कर अवैध हथियार बनाते हुए गिरफ्तार किया गया। जिसमें देशी पिस्टल - 05, अर्द्धनिर्मित देशी पिस्टल-02, मैगजीन-10, ड्रिल मशीन-01, बेस मशीन-05 बरामद किया गया।

हमलोग अपने काम में लगे हैं, बीजेपी को बिहार की चिंता नहीं: तेजस्वी यादव

केटी न्यूज/पटना

अयोध्या के राम मंदिर में भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा आगामी 22 जनवरी को होनी है लेकिन इससे पहले इसको लेकर सियासत गर्म हो गई है। डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के यह कहने पर कि मंदिर की जगह अस्पताल का निर्माण कराया जाना चाहिए, इसपर सुशील मोदी ने तेजस्वी पर हमला बोला था। अब तेजस्वी यादव ने सुशील मोदी पर पलटवार किया है। तेजस्वी ने कहा है कि किसी और के बारे में कहने से पहले उन्हें खुद के बारे में बताया चाहिए, वे अपना फ्यूचर क्यों बता रहे हैं। तेजस्वी ने कहा है कि हमलोग अपने काम में लगे हुए हैं, वे क्या करते हैं नहीं करते हैं वही जानें कि क्या हो रहा है और क्या नहीं हो रहा है। किसी और के बारे में कहने से पहले उन्हें खुद के बारे में कहना चाहिए। वे अपने बारे में अपना फ्यूचर क्या बता रहे हैं। आज भी देखिए कितना बड़ा काम हुआ है। जो खिलाड़ी मेडल जीतकर आएं हैं उन्हें सरकारी नौकरी दिया जा रहा है। सभी लोगों को आज नियुक्ति पत्र बांटा गया है। हम लोगों ने तो जो वादा किया उसे पूरा करने का काम कर रहे हैं।

गिरिराज सिंह का तेजस्वी पर हमला... समय पड़ने पर खुद को जनेऊधारी कहेंगे.. नहीं तो टोपीधारी बने रहेंगे

केटी न्यूज/पटना

22 जनवरी को अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। इसको लेकर विपक्ष के नेता लगातार बयानबाजी कर रहे हैं। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव मंदिर के बदले अस्पताल बनाने की बात कहकर बीजेपी के निशाने पर आ गए हैं। बेगूसराय से बीजेपी सांसद और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने एक बार फिर तेजस्वी यादव पर हमला बोला है। बेगूसराय पहुंचे गिरिराज सिंह ने कहा है कि उनसे आग्रह किया था आप उपमुख्यमंत्री हैं और हेल्थ मिनिस्टर भी हैं, क्यों नहीं हज भवन को अस्पताल बना देते हैं। वहां बहुत बढ़िया सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनेगा, पर उपदेश कुशल बहुतेरे। उपदेश देने से अच्छा है कि यह काम कर दें। मैंने उस दिन भी कहा था और आज भी कर रहा हूं कि यह लोग तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। तुष्टिकरण की राजनीति करते-करते मोदी को गाली देते हैं। राम मंदिर बनाने के बदले रोजगार देने का सवाल उठाए जाने पर पलटवार करते हुए गिरिराज ने कहा कि सभी लोग जानते हैं कि ये कितना रोजगार दे रहे हैं। इफ्तार करेंगे, लेकिन गरीब हिंदुओं को कभी खाना नहीं खिलाएंगे, हज करने वालों से कभी नफरत नहीं करेंगे। उनको कभी शिक्षा नहीं देंगे, सिर्फ हिंदू से नफरत करेंगे। समय पर कभी अपने आप को जनेऊधारी कहेंगे तो कहीं टोपीधारी रहेंगे।



योगीराज में ना सिर्फ दिव्य रूप में संवर रही अयोध्या, श्रीराम की मूर्ति भी होगी अलौकिक

हर साल रामनवमी पर भगवान सूर्य करेंगे श्रीराम का अभिषेक

केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ

प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या को जिस दिव्यता, भव्यता और नव्यता की ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार लेकर जा रही है, उसकी झलक दिखने लगी है। ना केवल नगर में हो रहे विकास कार्यों में, बल्कि भगवान राम के भव्य मंदिर और यहां तक कि उनकी मूर्ति में भी अलौकिकता के दर्शन होंगे। मंदिर ट्रस्ट की ओर से भी इसपर अपनी मुहर लगा दी गई है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने इस बारे में विस्तार से जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि प्रभु श्रीराम की मूर्ति को इस प्रकार से बनाया गया है कि प्रत्येक वर्ष रामनवमी को भगवान सूर्य स्वयं श्रीराम का अभिषेक करेंगे। उन्होंने बताया कि भारत के प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की सलाह पर मूर्ति की लंबाई और उसे स्थापित करने की ऊंचाई को इस प्रकार से रखा गया है कि हर साल चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें प्रभु श्रीराम के ललाट पर पड़ेंगी।

बेहद बारीकी से तैयार की गई है प्रभु की मूर्ति: ट्रस्ट की ओर से बताया गया है कि तीन शिल्पकारों ने प्रभु श्रीराम की मूर्ति का निर्माण अलग अलग किया, जिसमें से एक मूर्ति को प्रभु प्रेरणा से चुना गया है। चुनी गई मूर्ति की पैर से लेकर ललाट तक की लंबाई 51 इंच है और इसका वजन डेढ़ टन है। मूर्ति की सौम्यता का बखान करते हुए कहा गया कि श्यामल रंग के पत्थर से निर्मित मूर्ति में ना केवल भगवान विष्ण की दिव्यता और एक राजपुत्र की कांति है बल्कि उसमें 5 साल के बच्चे की मासूमियत भी है। चेहरे की कोमलता, आंखों की दृष्टि, मुस्कान, शरीर आदि को ध्यान में रखते हुए मूर्ति का चयन किया गया है।

16 जनवरी से प्रारंभ हो जाएगी पूजा विधि: ट्रस्ट के अनुसार मूर्ति की प्रतिष्ठा पूजा विधि को 16 जनवरी से प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके अलावा 18 जनवरी को गर्भगृह में प्रभु श्रीराम को आसन पर स्थापित कर दिया जाएगा। प्रभु श्रीराम की मूर्ति की एक विशेषता यह भी है कि इसे अगर जल और दूध से स्नान कराया जाएगा तो इसका नकारात्मक प्रभाव पत्थर पर नहीं पड़ेगा। साथ ही अगर कोई उस जल या दूध का आचमन करता है तो शरीर पर भी इसका दुष्प्रभाव नहीं होगा। राममंदिर परिसर में ही महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, निषाद राज, माता शबरी और देवी अहिल्या का भी मंदिर बनाया जाएगा। इसके अलावा जटायु की प्रतिमा को यहां पहले से ही स्थापित कर दिया गया है।

अद्भुत होगा श्रीराम का मंदिर, उत्तर भारत में ऐसा कोई मंदिर नहीं

ट्रस्ट के अनुसार श्रीराम का मंदिर अद्भुत होगा। हालांकि ये अभूतपूर्व नहीं होगा, क्योंकि दक्षिण भारत में ऐसे मंदिर हैं, मगर उत्तर भारत में बीते 300 साल में ऐसा कोई मंदिर निर्मित नहीं हुआ है। निर्माण करने वाले इंजीनियर भी ये मानते हैं। पत्थर की आयु एक हजार साल होती है। धूप हवा पानी का प्रभाव पत्थर पर पड़ता है। जमीन के संपर्क में होने के कारण पत्थर नमी सोखता है। लेकिन यहां पर पत्थर नमी नहीं सोख पाएगा, क्योंकि नीचे ग्रेनाइट लगाया गया है। इसमें लोहे का भी इस्तेमाल नहीं हुआ है, क्योंकि लोहा ताकत को कमजोर कर देता है। जमीन के नीचे एक ग्राम भी लोहा नहीं लगा है। इस प्रकार की रचना की गई है कि जैसे-जैसे आयु बढ़ेगी जमीन के नीचे एक बहुत ताकतवर चट्टान तैयार हो जाएगी। जमीन के ऊपर किसी भी प्रकार के कांक्रीट का इस्तेमाल नहीं किया गया है, क्योंकि कांक्रीट की आयु 150 साल से ज्यादा नहीं होती। हर कार्य को करते हुए आयु का विचार किया गया है।

पति व बेटे-बेटी सहित पिरौंटा पंचायत की बीडीसी मेंबर लापता, अपहरण का आरोप

- प्रखंड प्रमुख और उनके समर्थकों पर घुमाने ले जाने के नाम पर अगवा करने का आरोप
- पंचायत समिति सदस्य की पुत्री ने एसपी से की शिकायत

केटी न्यूज/आरा

सदर प्रखंड प्रमुख के खिला अविश्वास प्रस्ताव को लेकर जोर आजमाइश और शह-मात का खेल शुरू हो गया है। इसे लेकर पक्ष और विपक्ष की ओर से हर हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पिरौंटा पंचायत की बीडीसी समिति सदस्य सुशीला देवी को पति, बेटे और बेटी सहित अगवा कर लिये जाने का मामला सामने आया है। प्रखंड प्रमुख और उनके समर्थकों पर अविश्वास प्रस्ताव को लेकर अगवा किये जाने की आशेप लगा है। उनकी पुत्री रंजना कुमारी की और से एसपी को आवेदन देकर इस बाबत शिकायत दर्ज कराई गई है। एसपी को दिये गये आवेदन में रंजना कुमारी की ओर से कहा गया है कि रतनपुर गांव के दो लोग 29 नवंबर को उनके घर आये और बोले कि इस बार सुशीला देवी को प्रखंड प्रमुख बनाया है। इस कारण उनको कुछ दिनों तक बाहर रहना होगा। उस पर उसके पिता धर्मेंद्र राम तैयार हो गये। उसके बाद उसके पिता, मां, भाई और दो बहनों के साथ दोनों लोगों के साथ घूमने चले गए। उनके जाने के बाद ही उसके पिता का मोबाइल बंद हो गया।

उस बीच रतनपुर गांव निवासी एक शख्स के मोबाइल के जरिए उसके पिता और मां से बात होती थी। तब उसके पिता और मां द्वारा कहा जा रहा था कि कुछ दिन में आ जायेंगे। उस बीच अखबार के माध्यम से प्रखंड प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आने और विश्वास मत हासिल करने की तारीख निर्धारित होने की सूचना मिली। उसके बाद से अपने परिजनों को लेकर चिंता होने लगी। उसे लेकर पांच जनवरी को उसने घूमाने ले गये रतनपुर गांव निवासी शख्स से फोन पर बात की। तब उनके द्वारा सही से बात नहीं किया गया। बाद में बताया गया कि प्रखंड प्रमुख के कहने पर उसके माता-पिता को लाया गया है। ताकि विश्वास मत हासिल किया जा सके। आवेदन के अनुसार उस शख्स की ओर से रंजना कुमारी को इस बात की किसी से शिकायत करने पर उसके माता-पिता की हत्या करने की धमकी भी दी गयी है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी की ओर से मुफस्सिल थानाध्यक्ष को घटना कि जांच कर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

जब्त हथियार बिना सील किये कोर्ट में प्रस्तुत करने पर आइओ सह चांदी थानाध्यक्ष तलब, कोर्ट ने मांगा जवाब

आरा। चांदी थानाध्यक्ष को हत्या के मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी और हथियार की बरामदगी के बाद आर्म्स को बिना सील किये कोर्ट में प्रस्तुत करना महंगा पड़ सकता है। इस मामले में कोर्ट की ओर से केस के आइओ सह थानाध्यक्ष सौरभ कुमार को तलब किया गया है। थानाध्यक्ष को अब सशरीर में कोर्ट में हाजिर होकर इसका जवाब देना होगा। उसके लिए थानाध्यक्ष को एक दिन का समय दिया गया है। मुख्य न्यायायिक दंडाधिकारी सह प्रथम सहायक सत्र न्यायाधीश सह तृतीय अवर न्यायाधीश मनोरंजन कुमार झा की ओर से यह आदेश जारी किया गया है। इधर, मुख्य न्यायायिक दंडाधिकारी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि केस के आइओ सह थानाध्यक्ष सौरभ कुमार की ओर से पांच अभियुक्तों को प्रस्तुत किया गया। अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में लेने के क्रम में केस और कांड दैनिकी का अवलोकन किया गया। उस क्रम में आइओ के की ओर से जब्त प्रदर्श के रूप में एक देसी कट्टा और एक पिस्टल बिना सील किये खुले अवस्था में कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कांड दैनिकी के अवलोकन और आइओ से पूछताछ में पता चला कि जब्त आर्म्स को ना तो घटनास्थल और न ही थाने में सील किया गया। कोर्ट का कहना है कि घटना हत्या से संबंधित अत्यंत गंभीर और संवेदनशील प्रवृत्ति का है। उसके बावजूद आइओ द्वारा जब्त प्रदर्श को नियमानुकूल सील नहीं करना और बिना सीलबंद किये कोर्ट में प्रस्तुत करना कर्त्तव्य में लापरवाही है।

एक नजर

दो लोगों के जमीनी विवाद में 21 लोगों का टूटा घर

औरंगाबाद। हाई कोर्ट के निर्देश पर ज़िला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुऐ 21 लोगों का मकान ध्वस्त कर दिया। मामला औरंगाबाद ज़िले के मदनपुर अंचल अंतर्गत एरकी कला पंचायत के एरकी गांव की हैं। जहां दो लोगों के जमीनी विवाद में लोगों का मकान तोड़ दिए गए। आलम यह है कि अब लोग इस ठंड के मौसम में बेघर हो खुले आकाश तले गुजर-बसर करने को मजबुर हैं। बताया जाता है कि उस गांव निवासी बासुदेव यादव और बनारसी यादव के बीच गैर मंजरुआ जमीन को लेकर विवाद हुई थी जिस जमीन पर पुर्व में पैईन था जिस पर लोगों ने मकान बना लिया था। इस दौरान गैर मजरुआ में कोई दो फीट, तीन फीट और किसी का चार से पांच फीट अतिक्रमण किया गया था। इन दोनों के विवाद में अन्य अतिक्रमियों का मामला हाईकोर्ट में पहुंचा जिसमें कोर्ट ने अतिक्रमण मुक्त करने का आदेश दिया। शुक्रवार को सीओ हिमांशु कुमार और थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा जेसीबी लेकर सैकड़ों पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और घर मकान तोड़ने की कार्रवाई की गई। उस गांव निवासी सत्येन्द्र राम का झोपडी नुमा मकान, रुपन राम का मकान में दो फीट जमीन अतिक्रमण होने पर 10 फीट तोड़ दिया गया। भीखारी राम का कच्चा-पक्का मकान, कमलेश राम, रामेरेखा राम की मां बसंती देवी ने बताया कि मेरा जमीन केवाला रजिस्ट्री से खरीदा हुआ है, इसके वाबजूद घर तोड़ दिया गया है। टूटने के बाद खुले आकाश में रहने के लिए मजबुर हो गए हैं। इसके अलावा सुनिल ठाकुर, बासुदेव यादव, बनारसी यादव, रामगति राम, जदुन राम, रामलेखा राम, प्रहलाद ठाकुर, लक्ष्मण यादव सहित 21 लोगों का मकान तोडा गया है। सीओ हिमांशु कुमार ने बताया कि अतिक्रमण का वाद काफी दिनों से चल रहा था। हाईकोर्ट से आदेश आने पर अतिक्रमण हटाया गया।

प्रखंड प्रमुख पर लाया गया अविश्वास प्रस्ताव खारिज, नही पहुंचे पंचायत समिति सदस्य

औरंगाबाद। प्रखंड प्रमुख खुश्बू कुमारी पर लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में शनिवार को प्रखंड सभागार के सदन में एक भी पसंस सदस्य नहीं पहुचे। जिसके कारण अविश्वास प्रस्ताव खारिज हो गया। बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी राजेश कुमार दिनकर ने बताया की प्रखंड प्रमुख खुश्बू कुमारी के खिलाफ 29 दिसम्बर को 29 पंचायत समिति में से 14 पंचायत समिति सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया था। जिसको लेकर 6 जनवरी को विशेष बैठक आयोजित कर सदन में अविश्वास के पक्ष में प्रमुख खुशबू कुमारी बैठी, लेकिन किसी सदस्य ने समय पर नही पहुंचे। बीडीओ राजेश कुमार दिनकर ने बताया की प्रमुख के ऊपर जो 14 पंचायत समिति सदस्यों ने अविश्वास लगाया था वो शनिवार को खारिज हो गया। बैठक ग्यारह बजे शुरू हुई 2 बजे तक प्रमुख के अलावे एक भी पंचायत समिति सदन में उपस्थित नहीं हुए। जिससे खुश्बू कुमारी की कुर्सी बच गई।

पंचायत सरकार भवन की चाहरदीवारी निर्माण के लिए जमीन नापी की मिली स्वीकृति

औरंगाबाद। नवीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैरिया के पंचायत सरकार भवन की चाहरदीवारी की निर्माण हेतु कार्यो की रोकथाम के बाद नवीनगर अंचलाधिकारी द्वारा जमीन नापी की स्वीकृति दे दी गई है। दरअसल, यह स्वीकृति नवीनगर अंचलाधिकारी द्वारा एक पत्र जारी कर दिया गया है। पत्र में 9 जनवरी को जमीन नापी की तिथि निर्धारित की गई है। इस संबंध में बैरिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार मेहता ने बताया कि वर्ष 2009 में पंचायत सरकार भवन का निर्माण हुआ था। भवन निर्माण के एक वर्ष बाद ही अज्ञात चोरों द्वारा भवन से सभी सामानों की चोरी कर ली गई थी। कुछ दिन पूर्व नवीनगर बीडीओ द्वारा वर्तमान मुखिया की देखरेख भवन के चाहरदीवारी का निर्माण कराने का आदेश दिया गया। हालांकि उस दौरान कुछ लोगों द्वारा कार्य में बाधा उत्पन्न किया गया और कार्य को बंद करा दिया गया। इसके बाद अंचलाधिकारी द्वारा अधिकारियों की देखरेख में 9 जनवरी को सरकारी अमीन से नापी कराने का आदेश दिया गया। मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि पंचायत सरकार भवन के आसपास जितने भी लोगों का जमीन है, उन सभी लोगो को 9 जनवरी को नापी के दौरान हाजिर होना है।

एसडीपीओ ने किया चेक पोस्ट का निरीक्षण

औरंगाबाद। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध खनन पर रोक लगाने के उद्देश्य से सदर एसडीपीओ मो. अमानुल्लाह खान एवं प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक रेणु कुमारी द्वारा सलैया थाना अंतर्गत बरियवा पोस्ट का निरीक्षण किया गया और अवैध खनन पर रोकथाम हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एसडीपीओ ने बताया कि अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई के फलस्वरूप बरियवा पोस्ट का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संबधित पदाधिकारी को अवैध खनन पर रोक हेतू आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

खबरें फटाफट

शादी का झांसा दे युवक ने किया यौन शोषण, मामला दर्ज

औरंगाबाद। एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का मामला सामने आया है। मामला रफीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव का है, जिसमें युवती ने फेसर थाना क्षेत्र के पोखराहा गांव निवासी अमरजीत राम को नामजद आरोपित बनाया है। जिसमें युवती ने बताया कि आरोपित युवक रिश्ते में उसकी बड़ी बहन का देवर है। बीते दो सालों से वह शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा लेकिन जब युवती ने उससे शादी करने के लिए कहा, तो युवक ने शादी से इंकार कर दिया।

मोबाइल चोरी करते रंगेहाथ युवक धराया

औरंगाबाद। मोबाइल चोरी के आरोप में एक आरोपित को नगर थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपित माली थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव निवासी अविनाश कुमार हैं। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के गांधी मैदान के समीप की गई। जहां एक व्यक्ति से मोबइल फोन चोरी कर आरोपित भगाने लगा। जहां शोर मचाने पर आरोपित लोगों द्वारा पकड़ा गया। इसके उपरांत सूचना पर पहुंची पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने बताया कि मोबाइल फोन चोरी के आरोप में एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है।

कच्ची शराब और बाइक के साथ कारोबारी धराया

औरंगाबाद। शराब और बाइक के साथ एक कारोबारी को ओबरा थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित कारा गांव निवासी छोटन राम हैं। अपर थानाध्यक्ष ने बताया कि खरांटी पुल पर पुलिस वाहन को देख एक बाइक सवार भागने लगा जिसे संदेह के आधार पर पीछा किया गया और धर दबोचा गया।

औरंगाबाद के कोईलवा में जन समाधान कार्यक्रम के तहत लगा विशेष शिविर

ऑन द स्पॉट सुनी गईं समस्याएं, पात्र व्यक्तियों को मिला योजनाओं का लाभ

केटी न्यूज/औरंगाबाद

जन समाधान कार्यक्रम के तहत ज़िला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हसपुरा प्रखंड के ग्राम पंचायत कोईलवा अंतर्गत उच्च विद्यालय कोईलवा के मैदान में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी ने किया। वहीं जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को जिला पदाधिकारी शास्त्री ने सुना और ऑन स्पॉट समस्या का समाधान भी किया । स्थानीय लोगों द्वारा समस्याओं के निराकरण का मामला लाया गया जिस पर उन्होंने ठोस कार्रवाई कर निराकरण की बात कही।

इस अवसर पर कई विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान संबंधित विभिन्न मॉडल के द्वारा कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति दी। शिविर में विभिन्न विभागीय योजनाओं यथा स्वास्थ्य, शिक्षा, आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण विकास, राजस्व, श्रम, मनरेगा, आईसीडीएस, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण (नल जल योजना), पंचायत राज, अल्पसंख्यक कल्याण (अल्पसंख्यक रोजगार ऋण, मुस्लिम परित्यकता योजना इत्यादि), कृषि, पशुपालन, बैंक, आयुष्मान कार्ड, जॉब कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन, उद्योग, सहकारिता, आरटीपीएस (जाति, आवासीय, आय), मेडिकल कैंप, बाल संरक्षण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग इत्यादि का स्टॉल लगाया गया था। साथ ही संबंधित सभी विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जिला पदाधिकारी ने शिविर में लगाए गए सभी स्टॉल का निरीक्षण और भ्रमण किया। जिला पदाधिकारी ने वैज्ञानिक मॉडल का प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सराहा एवं उनका उत्साह वर्धन किया। मौके पर डीएम के द्वारा मेडिकल कैंप में दवाइयों का वितरण, राशन कार्ड निबंधन, ऋण वितरण, कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण की जानकारी, मनरेगा जॉब कार्ड वितरण, पोषण कार्यक्रम अंतर्गत जानकारी, आधार केन्द्र इत्यादि का निरीक्षण किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में 918 लोगों का किया गया उपचार

स्वास्थ्य शिविर में कुल 918 लोगों का उपचार करते हुए दवाइयों का वितरण किया गया। इसके अलावा 244 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया एवं 150 लोगों को नेत्र जांच कर चश्मा दिया गया। 19 लोगों की दिव्यंगता जांच की गई। वहीं 459 लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग, 79 लोगों की कैंसर स्क्रीनिंग, 97 लोगों का लैब जांच कराया गया। राजस्व शिविर में कुल 6 आवेदन प्राप्त हुए। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु 16 आवेदन प्राप्त हुए। प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 170 एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत शौचालय निर्माण हेतु 60 आवेदन प्राप्त किए गए। मनरेगा के तहत 98 जॉब कार्ड हेतु आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में कुल 35 श्रमिको का निबंधन किया गया। पंचायती राज विभाग द्वारा 13 आवेदन प्राप्त किए गए। डीआरसीसी औरंगाबाद द्वारा कुल 166 आवेदन प्राप्त किए गए।

इस विशेष शिविर में हजारों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। अभूतपूर्व व अप्रत्याशित ग्रामीणों की उपस्थिति विशेष शिविर के आयोजन की सफलता को संपुष्ट कर रही थी।

विशेष शिविर में डीएम ने अपने संबोधन में कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों को जिला पदाधिकारी समेत जिला के वरीय पदाधिकारी से रूबरू होकर अपनी बात और समस्या को रखने हेतु जिला मुख्यालय जाने में कई कठिनाई हो सकती है। ऐसे में जिला प्रशासन ही आपके समक्ष उपस्थित है। आप सभी को इस अवसर का लाभ अवश्य उठाना चाहिए। जिला प्रशासन आपकी समस्याओं का निराकरण यथाशीघ्र करने की पूर्ण कोशिश करेगा। जन समाधान कार्यक्रम में श्रीकांत शास्त्री, जिला पदाधिकारी सह जिला रजिस्ट्रार (जन्म मृत्यु), उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता तथा जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र का ऑन द स्पॉट वितरण भी किया गया।

बारुण प्रखंड में घटिया सड़क निर्माण को देख भड़के ग्रामीण, किया प्रदर्शन

केटी न्यूज/औरंगाबाद

सड़क के घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने संवेदक के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक द्वारा जिस तरह का घटिया निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य के शुरूआत में ही जगह-जगह दरारें पड़ गए हैं। मामला औरंगाबाद ज़िले के बारुण प्रखंड के ग्राम पंचायत मेह के वार्ड नंबर चार की हैं। जहां करमा गांव से लखैपुर गांव तक सड़क का निर्माण करवाया जा रहा हैं। स्थानीय राधे प्रसाद सहित अन्य लोगों ने बताया कि इस सड़क के निर्माण कार्य की बजट 4896600 रुपए हैं। ग्रामीण इस घटिया निर्माण की शिकायत लगातार संवेदक से करते रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद संवेदक के द्वारा गुणवत्ता में सुधार के बजाए और घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने कहा कि जबसे काम शुरू हुआ है एक दिन भी विभागीय अभियंता गुणवत्ता देखने नही पहुंचे हैं। ऐसे में काम के गुणवत्ता को कौन देखेगा। ग्रामीणों ने कहा कि कार्य की गुणवत्ता में सुधार नही हुआ तो ज़िला पदाधिकारी और मुख्य अभियंता से इस घटिया कार्य निर्माण की जांच की मांग करेंगे। वहीं चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द ही कोई कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन करने की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

प्रेमी की हुई पिटाई, प्रेमिका ने खाया जहर

जहानाबाद। जहानाबाद के शकूराबाद थाना क्षेत्र के सरैया गांव में एक युवक अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचा था। जिस समय युवक युवती के घर पहुंचा था उस समय लड़की के परिवार के लोग घर से बाहर गए हुए थे। जैसे युवक के युवती के घर में घुसने की जानकारी गांव के लोगों को हुई उन्होंने इसकी सूचना लड़की के माता को दी। इस पर लड़की की मां दौड़े दौड़े अपने घर पहुंची तो देखा कि एक लड़का घर में बैठा हुआ है। तभी गांव वाले एवं उसकी मां लड़का एवं लड़की की पिटाई करने लगे। इस बात से आहत लड़की ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी हालत गंभीर है।

पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत धारक को लौटाई मुस्कान

केटी न्यूज/औरंगाबाद

ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्रवाई के फलस्वरूप देव थाना की पुलिस ने एक मोबइल बरामद किया है और वास्तविक धारक को सुपुर्द कर दिया गया। यह कार्रवाई एसपी के निर्देश पर थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद के नेतृत्व में की गई। उक्त मोबइल फोन थाना क्षेत्र के एरकी गांव निवासी मुकेश कुमार को सुपुर्द कर दिया गया। मौके पर धारक ने पुलिस प्रशासन के प्रति आभार जताया और उन्होंने पुलिस को धन्यवाद देते हुए कहा कि वह मोबाइल मिलने की उम्मीद छोड़ चुके थे, जब थाने से गुम हुए मोबाइल फोन मिलने की सूचना मिली तो खुशी दोगुनी बढ़ गयी। उन्होंने कहा कि आज के जमाने में मोबाइल इंसान की सबसे बड़ी जरूरत का हिस्सा बन गया है, परेशानी तब बढ़ जाती है जब ये मोबाइल फोन कहीं गुम हो जाते हैं क्योंकि आपकी बहुत सारी निजी जानकारियां आपके मोबाइल फोन में ही होती हैं। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने बताया कि खोई मोबाइल की बरामदगी के लिए तकनीकी अनुसंधान की मदद ली गई और इसके आधार पर जांच कर मोबाइल रिकवर किया गया।

28 और 29 को होगा सूर्य राघव महोत्सव, होंगी कई गतिविधियां

केटी न्यूज/औरंगाबाद

जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में सूर्य राघव महोत्सव बडेंम, नवीनगर के आयोजन की तैयारी से संबंधित बैठक शनिवार को समाहरणालय सभा कक्ष हुई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सूर्य राघव महोत्सव का आयोजन 28 एवं 29 जनवरी को किया जाएगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के कलाकार एवं स्थानीय कलाकार के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अतिरिक्त विगत वर्ष की भांति जिला स्तरीय पेंटिंग रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन करने पर विचार किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत कलाकारों के चयन हेतु उप विकास आयुक्त, औरंगाबाद की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। चयन समिति के सदस्य के रूप में मंदिर आयोजन समिति के संरक्षक लव कुमार सिंह एवं अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह को भी मनोनीत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल आयोजन, विभिन्न प्रतियोगिता की कार्य योजना एवं तैयारी हेतु अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी, नबीनगर को निर्देश दिया गया।

सरसों की फसल को लाही से बचाने के लिए इमिडाक्लोरोपीड का करें छिड़काव

- केवीके में दो दिवसीय किसान-वैज्ञानिक वार्तालाप शुरू
- किसानों को रबी फसलों से संबंधित दी जा रही है जानकारी

केटी न्यूज/बक्सर

शनिवार को कृषि विज्ञान केन्द्र बक्सर में किसानों को रबी मौसम की समसमायिक कृषि संबंद्ध जानकारी देने एवं जागरूक करने के उद्देश्य से दो दिवसीय किसान-वैज्ञानिक वार्तालाप कार्यक्रम की शुरूआत की गई। यह आयोजन आत्मा व कृषि विज्ञान केन्द्र, बक्सर द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बक्सर सदर विधायक संजय कुमार तिवारी, डॉ. देवकरन, वरिष्ठ वैज्ञानिक सह प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, अशोक कुमार सिंह, 20 सूत्री कार्यक्रम के उपाध्यक्ष एवं आत्मा की उप निदेशक बेबी कुमारी आदि ने संयुक्त रूप से किया। अपने संबोधन में डा. देवकरन ने कृषि विज्ञान केन्द्र, बक्सर की उपलब्धियों के साथ-साथ रबी मौसम की गतिविधियों से किसानों को अवगत कराया। साथ ही फसलों के लिए मृदा का महत्व एवं इसके स्वास्थ्य व फसल की अच्छी पैदावार के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड की उपयोगिता पर किसानों को जागरूक किया।

मुख्य अतिथि सह विधायक ने केवीके द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा करते हुए किसानों से कृषि की नई तकनीकियों को अपनाने का आह्वान किया। साथ ही पराली को नहीं जलाने का आग्रह करते हुए फसल अवशेषों के समुचित प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि अशोक सिंह ने किसानों को कार्यक्रम के माध्यम से रबी मौसम की उनकी फसल संबंधी समस्याओं के समाधान को अन्य किसानों को जागरूक करने का सुझाव देने के साथ-साथ अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम के तकनीकी सत्र व किसान संवाद मे महदह के किसान सत्य नारायण कुशवाहा ने गेहूं की फसल में खरपतवार तथा लहसून फसल के पीलापन की समस्या के समाधान किया गया। चना फसल मे उकठा की बीमारी के लिए बीजोपचार कर बुआई करने का सुझाव दिया गया। सरसों की फसल मे लाहीं की समस्या के लिए 35-40 एमएल इमिडाक्लोरोपीड दवा प्रति बीघा की दर से 100 लीटर पानी का घोल का छिड़काव एवं बथुआ खरपतवार के नियंत्रण के लिए मेटसल्फ्यूरॉन मिथाइल दवा की 8 ग्राम प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करने का सुझाव दिया गया। इसके अलावा उपस्थित किसान डिप्टी सिंह, ब्रह्मेश्वर नाथ, निरंजन सिंह, गामा प्रसाद, पवन सिंह, गोबिंद सिंह आदि द्वारा प्याज की फसल मे दूधिया घास, सरसों की फसल मे पत्ती गलना एवं फली उपरांत तना का सफेद होना, गेहूं फसल का पीला होना, अमरूद मे कीड़ा लगना आदि समस्याओं का समाधान बताते हुए उपस्थित विशेषज्ञ हरिगोबिंद, रामकेवल, आरिफ परवेज समेत उप-परियोजना निदेशक आत्मा बेबी कुमारी द्वारा किसानों को तकनीकी जानकारी से अवगत कराया गया। किसान प्रतिभागियों के बीच एग्री फाउन्ड लाईट रेड प्रजाति के प्याज फसल की पौध एवं फसल अवशेष प्रबंधन के लिए वेस्ट डीकम्पोजर का वितरण भी किया गया।

खबरें फटाफट

20 लीटर शराब का हुआ विनष्टीकरण

नावानगर। बासुदेवा ओपी परिसर में शनिवार को जब्त 20 लीटर महुआ शराब का विनष्टीकरण किया गया। शराब विनष्टी प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी सह सीओ अजीत कुमार की उपस्थिति में की गई। वासुदेवा ओपीध्यक्ष चुनमुन कुमारी ने बताया कि एक कांड में जब्त की गई महुआ निर्मित 20 लीटर शराब को नष्ट किया गया है।

आज सत्याग्रह करेंगी हड़ताली आंगनबाड़ी सेविकाएं

बक्सर। अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रही आंगनबाड़ी सेविकाएं अपनी विभिन्न मांगों को लेकर रविवार को सत्याग्रह करेंगी। यह सत्याग्रह बक्सर के ज्योति चौक पर किया जाएगा। आंगनबाड़ी वर्कर्स का मानदेय बढ़ाने को लेकर बिहार राज्य आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन, आल इंडिया स्कीम वर्कर्स फेडरेशन, बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट, तथा एक्टू के संयुक्त बैनर तले आयोजित किया जा रहा है। महासंघ गोप गुट के राज्य सचिव सह जिला अध्यक्ष लवकुश सिंह ने बताया कि बिहार सरकार को हर हाल में चयन मुक्ति आदेश वापस लेना ही होगा। हालांकि इस बीच शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चयनमुक्त की गयीं सभी सेविकाओं की वापसी की बात कही है।

डुमरांव नगर परिषद बोर्ड की बैठक में कई मुद्दों पर भी बनी आम सहमति

डुमरांव में बनेगा बस स्टैंड, नाली गली व स्लैब निर्माण को भी बैठक में मिली मंजूरी

- महाकाल मंदिर से पश्चिम रानी के अहरा को जाने वाली छवर पर होगा बस स्टैंड का निर्माण
- शहरी क्षेत्र के गरीबों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण के प्रस्ताव पर भी हुई चर्चा, नहीं लग सकी मुहर

केटी न्यूज/डुमरांव

शनिवार को डुमरांव नगर परिषद बोर्ड की बैठक संपन्न हुई। यह साल 2024 की पहली बैठक थी। जिसमें डुमरांव में बस स्टैंड बनाने पर पार्षदों के बीच आम सहमति बनी वही विभिन्न वार्डों में नाली गली निर्माण तथा नालियों के उपर स्लैब निर्माण कराए जाने पर भी मुहर लगी। इसके साथ ही नये चेयरमैन सुनीता गुप्ता ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में जो वादा किया था उसे अमली जामा भी पहनाना शुरू हो गया है। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन सुनीता गुप्ता ने व संचालन कार्यपालक पदाधिकारी अनिरूद्ध प्रसाद ने किया। बैठक के शुरू में मुख्य पार्षद ने सभी पार्षदां को नव वर्ष की शुभकामनाएं भी दीं। बैठक में तय किया गया कि महाकाल मंदिर से पश्चिम रानी के अहरा को जाने वाली छवर पर बस स्टैंड निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए नगर परिषद प्रशासन उक्त जमीन का अनापत्ति प्रमाण पत्र देगा। इसके बाद ही बस स्टैंड निर्माण की कवायद शुरू होगी। बता दें कि शहर में बस स्टैंड निर्माण के लिए अंचल कार्यालय ने नगर परिषद से अनापत्ति प्रमाण पत्र की डिमांड की थी। वही बोर्ड की बैठक में जैसे ही कार्यपालक पदाधिकारी ने इस प्रस्ताव को रखा पार्षदों ने एक स्वर में इसका समर्थन किया। वही मुख्य पार्षद ने कहा कि प्रस्ताव पारित होने के बाद जल्द ही बस स्टैंड निर्माण का अनापत्ति प्रमाण पत्र अंचल कार्यालय को भेज दिया जाएगा। इसके अलावे इस बैठक में बोर्ड की बैठक में शहर के टूटे हुए नाली गली एवं स्लैब मरम्मत का प्रस्ताव पारित किया गया। जल्द ही शहर के सभी नाली गली एवं टूटे हुए स्लैब का मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा। जबकि बोर्ड की बैठक में शहरी क्षेत्र के गरीबों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। लेकिन फिलहाल इस पर मुहर नहीं लग सकी। इस मौके पर सोनू राय, धनंजय पांडेय समेत कई अन्य पार्षद व नप के अधिकारी मौजूद थे।

दशकों से पेंडिंग पड़ा था बस स्टैंड का निर्माण: बता दें कि अनुमंडल मुख्यालय बनने के बाद से ही डुमरांव में बस स्टैंड का निर्माण पेंडिंग पड़ा था। हालांकि तीन दशक पहले तत्कालीन पथ परिवहन मंत्री सह स्थानीय विधायक स्व. बसंत सिंह ने नया थाना के पास बस स्टैंड का शिलान्यास किया था। लेकिन कभी भी स्टैंड का निर्माण नहीं हो सका। अलबत्ता अब उसकी कीमती जमीन पर अतिक्रमणकारी काबिज है। बस स्टैंड के अभाव में बस तथा अन्य यात्री वाहनों के चालक सड़क किनारे ही अपना वाहन खड़ा करते है। जिस कारण डुमरांव में जाम की समस्या स्थायी बन गई है। यही कारण है कि जब बोर्ड की बैठक में इसका प्रस्ताव लाया गया तो पार्षदों ने एक स्वर में इसका समर्थन किया। हालांकि जिला प्रशासन द्वारा भी बक्सर के साथ डुमरांव में बस स्टैंड बनाने का निदेश दिया गया है। इसी कड़ी में अंचल प्रशासन ने जमीन के अनापत्ति प्रमाण पत्र की मांग की है।

मुख्य पार्षद ने दुहराया डुमरांव के विकास का संकल्प

बैठक के बाद मुख्य पार्षद सुनीता गुप्ता ने कहा कि उनका लक्ष्य विकसित डुमरांव बनाने का है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कवायदें शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि डुमरांव की डेज्नेज सिस्टम, लाईट, सड़के, नालियां आदि को दुरूस्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ व सुंदर डुमरांव बनाया जाएगा।

एक नजर

उत्क्रमित उच्च विद्यालय ओझा बरांव में अभिभावक शिक्षक गोष्ठी व बाल सांसद का आयोजन

चौगाई। प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय ओझा बरांव में अभिभावक शिक्षक बैठक तथा बाल सांसद का आयोजन किया गया। दोनों कार्यक्रम प्रधानाध्यापक धीरज कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। अभिभावक शिक्षक बैठक के दौरान विद्यालय में सुचारू रूप से पठन पाठन की व्यवस्था, बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ ही अन्य गतिविधियों के संचालन पर विस्तार से चर्चा हुई। अभिभावकों ने कई बिंदुओं पर प्रधानाध्यापक का ध्यान आकृष्ट कराया। वही प्रधानाध्यापक धीरज कुमार ने बताया कि उनका प्रयास रहता है कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधियों का संचालन भी करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास एक्टिविटी बेस्ट एजुकेशन पर रहता है। वही प्रत्येक शनिवार को अभिभावक गोष्ठी के अलावे बैगलेश डे मनाया जाता है। उन्होंने विद्यालय परिवार को सहयोग करने तथा अपना बहुमूल्य समय देने के लिए अभिभावकों को धन्यवाद दिया। अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी के बाद बाल संसद के सदस्यों की भी बैठक आयोजित की गई और विद्यालय की शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक में प्रधानध्यापक व बाल सांसद के प्रधानमंत्री के अलावे बाल सांसद से जुड़े छात्र-छात्राओं के अलावे शिक्षक उपेन्द्र पांडेय, हरिद्वार राम, शशिभूषण सिंह, संजीव कुमार सिंह, रमेश कुमार सिंह, सतीश सिंह, नीतीश पाल, विजय प्रताप सिंह, ओम प्रकाश सिंह, स्वीटी कुमारी, किरण कुमारी, परमेश्वरी ओझा समेत कई अन्य शिक्षक व अभिभावक मौजूद थे।

पीएचडी जेई ने किया नल जल योजना की जांच

केसठ। प्रखंड के कतिकनार पंचायत के वार्ड नंबर 2 में सरकार की महत्वाकांक्षी नल जल योजना की जांच पीएचडी जेई सुग्रीव कुमार व अनुमंडल से आए अधिकारियों द्वारा किया गया। इस दौरान पाया गया की वार्ड के एक बड़े हिस्से के लोग इस महत्वाकांक्षी योजना से वंचित है। ज्ञात हो की वार्ड नंबर दो के वार्ड सदस्य मंजू देवी, उनके पुत्र सह जदयू नेता राजीव सिंह उर्फ सोनू व ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से हस्ताक्षर युक्त आवेदन पीएचडी को दे पानी की समस्या दूर करने की अपील की थी। जिसके बाद शनिवार को जेई व अनुमंडल से आए विभाग के अधिकारियों ने जांच कर जल्द ही समस्या दूर करने की बात कही। जेई ने बताया कि जांच में पाया गया की 50 से 60 घरों में पानी नहीं जा रहा है। जिसका वैकल्पिक व्यवस्था कर समस्या का निष्पादन किया जाएगा। वही अधिकारियों के जांच से वार्ड के नल जल योजना से वंचित लोगों में राहत मिलने की उम्मीद जताई है।

श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा को ले महर्षि विश्वामित्र विचार मंच की बैठक संपन्न

बक्सर। 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को महर्षि विश्वामित्र विचार मंच के पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक नगर के एक निजी मैरेज हॉल में आयोजित की गई थी। जिसकी अध्यक्षता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह ने किया। बैठक में आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के दिन बक्सर जिले में भी भव्य कार्यक्रम आयोजित करने पर विचार किया गया। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि 22 जनवरी को देश की जनता व पूरे विश्व के राम भक्त अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। त्रेता युग में प्रभु श्रीराम ने रामराज्य की स्थापना की थी। आज 21वीं शताब्दी में भाजपा के लोकप्रिय नेता व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रहते रामराज्य की स्थापना हो रही है।

आज संसदीय क्षेत्र में आएंगे केन्द्रीय मंत्री

बक्सर। केंद्रीय मंत्री सह बक्सर सांसद अश्विनी कुमार चौबे रविवार को तीन दिवसीय प्रवास पर बक्सर पहुचेंगे। वे इस दौरान जिले के बड़का ढकाईच व मझवारी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होंगे। सोमवार को खरहाटांड़ में प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प यात्रा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। साथ ही एकौना में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। मंगलवार को नियाजीपुर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद वे दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

जनता दरबार में पहुंचे भूमि विवाद के मामले, सुनवाई कर किया गया निष्पादन

केटी न्यूज/नावानगर

भूमि विवाद के निपटारे को लेकर शनिवार को प्रखंड के नावानगर थाना एवं सोनवर्षा ओपी जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें पहुंची भूमि विवाद मामलों की सुनवाई कर निष्पादन किया गया। नावानगर थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार में सीओ अजीत कुमार ने सुनवाई किया। वहीं सोनवर्षा ओपी में सीआई राजू रंजन ने मामलों की सुनवाई किया। सीओ अजीत कुमार ने बताया कि नावानगर थाना में जमीन विवाद से जुड़ा मात्र एक मामला आया था। जिसका निष्पादन कर दिया गया। वहीं सोनवर्षा ओपी में कुल पांच आवेदकों द्वारा आवेदन दिया गया था। जिसमें से दो मामलों में मापी कर निष्पादन करने का निर्देश सीआई ने दिया है। जबकि बाकी तीन मामलों में अगली तारीख पर अपने - अपने दस्तावेजों के साथ दोनों पक्षों को उपस्थित होने को कहा गया है। इस दौरान पूरे दिन दोनों थाना परिसरों में गहमागहमी रही।

कृष्णाब्रह्म में पांच मामलों का निपटारा

कृष्णाब्रह्म थाना में आयोजित जनता दरबार में कुल पांच मामलों का निष्पादन किया गया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी कुमार पंकज, सीओ अंकिता सिंह मौजूद रहे। जनता दरबार में डुमरांव अंचल से संबंधित भूमि विवाद के नुआंव गांव से दो, छतनवार गांव से दो, रेहियां गांव से एक समेत जमीन विवाद के कुल पांच मामले आये थे। सभी मामले में दोनों पक्षों की सहमति से निपटारा कर दिया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष नीतीश कुमार समेत कई अन्य मौजूद थे।

लाभुकों की समस्याओं का किया गया निराकरण

जन सुनवाई

केटी न्यूज/चौसा

शनिवार को चौसा प्रखंड मुख्यालय के सभागार भवन में ग्रामीण विकास विभाग पटना के निर्देश पर प्रखंड स्तरीय जन सुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला सामाजिक अंकेक्षण इकाई के तत्वावधान में किया गया था। जिसमें विभिन्न मामलों पर सुनवाई की गयी। इस शिविर की अध्यक्षता लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी विद्यानन्द पासवान ने किया। शिविर में लोक कल्याणकारी योजनाओं पर सुनवाई की गयी तथा लाभुकों की समस्याओं को सुन उसका समाधान किया गया। शिविर में राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, वृद्ध जन पेंशन योजना, निःशक्त पेंशन योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, जन वितरण प्रणाली, मनरेगा, पीएम आवास योजना के लंबित मामलों का निपटारा किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में पुरूष व महिला लाभार्थी शामिल हुए थे। लाभार्थियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को अधिकारियों के सामने खुलकर रखा। अधिकारियों के सामने एक लाभुक ने बताया कि पीएम आवास योजना के तहत घर बन गया है लेकिन, अभी तक मजदूरी नहीं मिला है। जिस पर अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही जांच कर भुगतान किया जाएगा। वही, जनवितरण से राशन कार्ड, मनरेगा से जॉब कार्ड, रोजगार दिवस व राशि उपलब्धता की समस्या कही गई, जिसमे समस्या का निवारण बताया गया। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत पाए गए तथ्यों के निवारण हेतु संबंधित व्यक्तियों की शिकायत पर एक सप्ताह के अंदर निष्पादन करने का समय दिया गया। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार, सीओ बृजबिहारी प्रसाद, मनरेगा पदाधिकारी प्रवीण कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सीडीपीओ, प्रखंड प्रमुख के अलावा जीविका दीदी व सामाजिक अंकेक्षण के लोग शामिल थे।

नावानगर में सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत मनाया गया मिशन स्वावलंबन उत्सव दिवस

नई मिसाल कायम कर रही हैं जीविकोपार्जन दीदियां: बीडीओ

केटी न्यूज/नावानगर

नावानगर प्रखंड के जीविका कार्यालय में शनिवार को सतत जीविकोपार्जन योजना के अंतर्गत मिशन स्वावलंबन उत्सव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ मनोज कुमार, प्रखंड मेंटर रवि किशोर प्रसाद, प्रखंड परियोजना प्रबंधक श्री पप्पू प्रसाद एवं संकुल स्तरीय संघ प्रतिनिधि के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इसके उपरान्त सतत जीविकोपार्जन दीदियों को अंग वस्त्र, प्रशस्ति पत्र और मिट्टी के बचत बैंक देकर सम्मानित और उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान बीडीओ ने सभी का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप विभिन्न बाधाएं को पार करके प्रत्येक दिन सामाजिक एवं आर्थिक विकास की एक नई मिसाल कायम कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि आप सभी को प्रखंड प्रशासन के द्वारा हर संभव सहायता हमेशा प्रदान की जाएगी। प्रखंड परियोजना प्रबंधक ने उपस्थित सभी लोगों को सतत जीविकोपार्जन योजना पर विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि इस योजना के तहत प्रखंड में कुल 519 लक्षित परिवारों का चयन किया गया है। उसमें से कुल 41 परिवारों ने निर्धारित सभी 9 मापदंडों को अभी तक पूरा किया है। जिसमें पारिवारिक आमदनी ,सुरक्षित आवास स्वच्छ पेयजल, बच्चों की शिक्षा उपलब्ध करवाया गया है एवं सरकारी योजनाओं से जुड़ाव भी किया गया है। इन परिवारों ने योजना के तहत प्राप्त राशि से विभिन्न व्यवसाय जैसे छोटे-छोटे किराना, दुकान चाट पकौडी दुकान, बकरी पालन प्रारंभ कर अपने परिवार की आमदनी को लगातार आगे बढ़ा रही हैं। मौके पर सतत जीविकोपार्जन योजना के प्रखंड नोडल आनंद कुमार समेत सभी समुदायिक समन्वयक, सभी एमआरपी एवं सभी जीविका दीदी मौजूद थी।

अखिलेश यादव बोले... हमारे दिलों में सदा जिंदा रहेंगे राजमंगल यादव

केटी न्यूज/गड़वार

♦ श्राद्धक्रम में पहुंच पूर्व सीएम अखिलेश ने शोकाकुल परिवार को दी सांत्वना

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शनिवार को पार्टी के दिवंगत जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव के बिसुकिया गांव स्थित पैतृक आवास पर पहुंचे। उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। वहीं शोकाकुल परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करने के साथ सांत्वना दिया। पत्रकारों से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि स्व. राजमंगल यादव एक नेक दिल, विनम्र स्वभाव तथा पार्टी के प्रति समर्पित व्यक्ति थे। स्व. राजमंगल यादव के निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। कहा कि राजमंगल बूथ स्तर से लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष तक का सफर तय किया। पार्टी ने उन्हें जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी। जिसका उन्होंने बखूबी निर्वहन किया।तत्पश्चात पार्टी के नेताओं से भी मिले। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी, पूर्व मंत्री अम्बिका चौधरी, पूर्व विधायक सनातन पांडेय, फेफना विधानसभा के विधायक संग्राम सिंह यादव,विधायक जियाउद्दीन रिजवी, विधायक

जयप्रकाश अंचल, मिठाई लाल, राजीव राय, अवलेश सिंह सहित सैकडों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं दूसरी पार्टियों के नेताओं ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि राजमंगल यादव व उनके एक साथी की मौत 24 दिसंबर को लखनऊ में दुर्घटना में मौत हो गई थी।

चीन भारत में घुस रहा है: अखिलेश यादव

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार को जमकर आड़ेहाथ लिया। इस दौरान यूपी में कांग्रेस के 40 सीटों के सवाल को अखिलेश यादव ने सिरे से खारिज कर दिया। कहा कि देश के रक्षा मंत्री के पास सिविलियंस से मिलने का समय है। लेकिन शहीद सैनिक के परिवारों से नहीं। बताया कि आज समाजवादी की सरकार में अच्छी सड़कें बनी थी तब जाकर मौसम खराब होने के बावजूद मैं बलिया समय से पहुंच सका। अग्निवीर जैसी योजनाएं देश की सरहद कमजोर करेगी। आज चीन के सैनिक भारत के अंदर घुस रहे हैं और भारतीय जनता पार्टी की सरकार सिर्फ पाकिस्तान का बेसुरा राग अलाप रही है। कहा कि सत्ता में आने से पहले मोदी ने कहा कि था कि किसानों की आय दुगुनी कर देंगे। मैं पूछना चाहता हूं किसान भाइयों से कि बीते 14 सालों में उनकी आय क्या दुगुनी हुई। हां सिलेंडर का दाम जरूर तीन गुना बढ़ गया है। आज बेरोजगारी चरम पर है। महंगाई की मार से गरीब आत्महत्या करने को मजबूर है। किसानों का ऋण माफ करने के लिए सरकार के पास धन की कमी है।

खबरें फटाफट

युवती को भगाने वाला युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

चंदौली। सदर कोतवाली क्षेत्र के मझवार गांव में एक युवक गांव के ही युवती को लेकर फरार हो गया। जिसको सदर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को सदर तहसील के अंडरपास के समीप गिरफ्तार कर लिया। बताते हैं कि मझवार गांव निवासी आफताब का गांव के ही युवती के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। बुधवार की सुबह युवती परिजनों को बता कर घर से बाजार के लिए निकली और दोपहर तक घर नहीं पहुंची। तो परिजन परेशान होने लगे, और उसकी तलाश करने लगे तभी पता चला कि गांव का युवक आफताब युवती को लेकर फरार हो गया है। इस बाबत सदर कोतवाल गगन राज सिंह ने बताया कि फरार युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

अवैध तमंचे के साथ अधेड़ गिरफ्तार

बलिया। शहर कोतवाली पुलिस ने बहादुरपुर स्थित काली मंदिर के पास से शनिवार की शाम को एक अधेड़ को अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी अधेड़ का नाम राजेन्द्र प्रसाद पुत्र महगी निवासी बिगही थाना बांसडीहरोड है। शहर कोतवाली पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक अधेड़ बहादुरपुर स्थित काली मंदिर के पास संदिग्ध परिस्थितियों में खड़ा है। तभी पुलिस मौके पर पहुंच गई, पुलिस को देखते हुए अधेड़ भागने की कोशिश करने लगा। तभी पुलिस दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। जमा तलाशी के दौरान अधेड़ के पास से एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

विजय यादव का चुनाव लड़ने की चर्चा

गाजीपुर। लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रही है। हर पार्टी लोकसभा चुनाव जीतने वाले उम्मीदवारों की तलाश भी तेज कर दी है। इसी सिलसिले में समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता बिरहा जगत के सम्राट विजय लाल यादव के भी नाम की चर्चा काफी तेज हो गई है। नए साल पर बिरहा सम्राट विजय लाल यादव ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलकर उन्हें बधाई दी। इसके बाद सपा सहित अन्य पार्टी की गलियारों में विजय लाल यादव की लोकसभा चुनाव लड़ने की चचाएं तेज हो गई हैं। एक तरफ देखा जाए तो गाजीपुर जनपद अनुसूचित बाहुल्य होने के साथ-साथ दूसरे नंबर पर यादव हैं। इसी को देखते हुए विपक्षियों की गठबंधन को है।

पांच किलो राशन से नहीं होगा विकास

चंदौली। समाजवादी पार्टी जिला इकाई की बैठक शनिवार को मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में हुई। इसमें संगठन सहित तमाम बिंदु पर चर्चा की गई और मतदाता पुनरीक्षण कार्य में बढ़ चढ़कर निभाने के लिए पदाधिकारी और कार्यकताओं का आवाहन किया गया। साथी सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बथू पर पहुंचकर पुनरीक्षण कार्य को सफल बनाएं और कमजोर बूथ को मजबूत करें। इस दौरान पुर्व सांसद ने कहा कि सभी कार्यकताओं अपने-अपने बूथ पर जिम्मेदारी के साथ पुनरीक्षण कार्य को सफल बनाना है।

गाजीपुर जिला के जमानिया थाना क्षेत्र के धुस्का गांव की घटना, मचा कोहराम

मामूली विवाद में पत्नी ने पति के सिर पर किया डंडे से प्रहार, चली गई जान

केटी न्यूज/गाजीपुर

जमानिया क्षेत्र के धुस्का गांव में देर रात पति-पत्नी के मामूली विवाद में पत्नी ने पति की डंडे से पिटाई कर दी। डंडे के प्रहार से पति के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी जान चली गई। गांव के गलियारों में हो रही इस जघन्य अपराध की चर्चा चहुंओर हो रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। मृतक की पहचान सुभाष चौधरी बिहार के कैमूर जनपद के रामगढ़ थाना क्षेत्र के गोड़सरा गांव के रहने वाले के रूप में हुई हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक सुभाष कुमार शुक्रवार को अपने बच्चों व पत्नी को को अपने ससुराल जमानिया क्षेत्र के धुस्का गांव में छोड़ने गया था। परिजनों का कहना है कि पत्नी-पति व बच्चें जब यहां आये थे। तभी सभी खुश थे। किसी तरह का कोई मनमुटाव नजर नहीं आ रहा था। शनिवार की सुबह पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। सुभाष के ससुराल के लोगों ने किसी तरह से दोनों को मनाने का प्रयास किया। परंतु किसी तरह से बात नही बर नहीं थी। धीरे-धीरे कहासुनी बढ़ते जा रही थी। धीरे-धीरे बात गाली-गलौज तक पहुंच गया। इसके बाद दोनों के बीच हाथापाई होने लगी। गुस्से में आकर पत्नी ने बगल में पड़े डंडे से सुभाष के सिर पर प्रहार कर दिया। सिर गंभीर चोट लगने से सुभाष के सिर से खुन निकलने लगा। सिर से खुन निकलता देख पत्नी का गुस्सा ठंडा नहीं हुआ। उसका इलाज के लिए तत्काल के लिए अस्पताल नहीं ले जाया गया। धीरे-धीरे सुभाष की तबियत खराब होते गई। शरीर से अधिक खून निकलने के कारण उसकी मौत हो गई। इस बात की जानकारी मिलते ही परिवार के अन्य सदस्यों का हाल बूरा हो गया। पहले इस बात को किसी तरह से छुपाने का प्रयास किया गया। परंतु यह बात पूरे गांव में फैल गई। यह बात पुलिस तक पहुंच गई। तत्काल मौके पर पहुंच कर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। उसका पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। वहीं दूसरी ओर जिससे गांव, घर और बच्चों में कोहराम मच गया। घटना से क्षेत्र के लोगों में घोर निंदा हो रही है।

सड़क हादसा : अज्ञात बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

केटी न्यूज/गाजीपुर

करंडा थाना अंतर्गत चहारन चट्टी तिराहे के पास अज्ञात बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया। घायल को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के खिजिरपुर निवासी विकास राम (19) पुत्र सुभाष राम शनिवार को अपने एक साथी के साथ चोचकपुर से आ रहा था। जैसे ही बाइक सवार दोनों युवक चहारन चट्टी सरकारी देशी शराब की दुकान के सामने पहुंचे। तभी विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। विकास के सिर पर तेजी चोट लगी। उसका सिर लहूलूहान हो गया। वहां मौजूद लोगों ने विकास को अस्पताल ले जाने का प्रयास किया। परंतु इस हादसे में युवक ने अपना दम तोड़ दिया था। जबकि एक अन्य साथी घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी। यह इस बात की सूचना मिलते ही परिजन बदहवास हो गये। उनलोगों को विश्वास ही नहीं हो पा रहा था कि विकास अब इस दुनिया में नहीं है। परिजन रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंचे। सड़क हादसे में मृत विकास अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजनों पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा। मृतक के भाई शैलेश व कैलेश के आंखों से आंसू रूकने का नाम नहीं ले रहा था। उधर मृतक की मां नीलम देवी व तीन बहनों का रो- रो कर बुरा हाल है। मौत की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मचा हुआ है। थानाध्यक्ष रामसजन ने बताया कि घटना के बाद घायल युवक की हास्पिटल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी तहरीर नहीं मिली है।

43 मामलों में एक का भी नहीं हुआ मौके पर निपटारा

केटी न्यूज/ बलिया

सरकार के मंशानुरूप जन समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जनपद के सभी तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने तहसील बलिया में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आए लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस मौके पर राजस्व, पुलिस, खाद्य एवं रसद , चकबंदी से संबंधित, विकास, विद्युत, समाज कल्याण, कृषि, मार्केटिंग एवं शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के कुल 43 मामले आए।

सभी मामलों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए जिलाधिकारी ने समय सीमा के अंदर निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद संबंधी मामलों को पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण सत्यापन कर मामले को निस्तारित करने के निर्देश दिए।

सरकारी अस्पतालों को अपने मानकों में सुधार व अपनी गुणवत्ता बनाना होगा बेहतर : डा नंद कुमार

केटी न्यूज/ मऊ

जनपद के सीएमओ सभागार में क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लिए कायाकल्प व एनक्यूएएस हेतु एक बैठक और कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. नंदकुमार ने दी। सीएमओ नंद कुमार ने बताया कि एनक्यूएएस वर्तमान में जिला अस्पतालों सीएससी पीएचसी और नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों पर लागू है। मुख्य रूप से प्रदाताओं के लिए मानकों में सुधार और अपनी गुणवत्ता का आकलन करने और प्रमाण के लिए अपनी सुविधाओं को लाने की यह व्यवस्था है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन के तहत सेवा प्रावधान रोगी अधिकार, इनपुट, सहायता सेवाएं, नैदानिक देखभाल, संक्रमण नियंत्रण, गुणवत्ता प्रबंधन और परिणाम है। इस कार्यक्रम के तहत यह मानक इस आईएसक्यूएए से मान्यता प्राप्त है और व्यापकता निष्पक्षता साक्ष्य और वैश्विक मानकों के साथ कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि मंडलीय टीम द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर बरलाई और नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरहू का पूरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया जहां पर भ्रमण के दौरान चिकित्सा इकाई की स्थिति संतोषजनक पाई गई। टीम ने ब्लॉक स्तर से चयनित को के साथ एक कार्यशाला का आयोजन कर उन्हें प्रशिक्षित किया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी और नोडल डा. बीके यादव ने बताया कि इस कार्यशाला में आजमगढ़ मंडल के प्रोग्राम मैनेजर डा देवनाथ, डा. संजय प्रिदर्शी मंडलीय क्वालिटी कंसलटेंट द्वारा बैठक प्रतिभागियों को ब्लॉक के चयनित सीएचओ को अपने आयुष्मान आरोग्य मंदिर की साफ सफाई, डॉक्यूमेंट, ग्राम प्रधान के सहयोग से हर्बल गार्डन की व्यवस्था करने की आवश्यकता है।

गायत्री महायज्ञ में 5000 दीपकों से हुआ विराट दीप महायज्ञ, आध्यात्मिक वातावरण हुआ आच्छादित

24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का समापन, यज्ञ में हजारों श्रद्धालुओं ने दी आहुति

केटी न्यूज/ गाजीपुर

जमानिया के डिगरी नहर पुलिया के पास चल रहे 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के अंतिम दिन हजारों श्रद्धालुओं ने अपने मन, वचन व कर्म के शुद्धिकरण के लिए यज्ञ में आहुतियां समर्पित की। यज्ञ के दौरान 200 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार कराया गया तथा यज्ञ के समापन के बाद सायंकाल 5000 दीपकों से विराट दीपयज्ञ का आयोजन भी हुआ। विराट दीप महायज्ञ के मनोहर एवं आध्यात्मिक वातावरण से आच्छादित पूरा जमानिया देर रात तक भक्तिमय बना रहा। गायत्री यज्ञ के महिमा पर प्रकाश डालते हुए टोली नायक राम तपस्या यादव ने कहा कि गायत्री को देव संस्कृति की माता और यज्ञ को मानवीय धर्म का पिता कहा गया है।

प्रक्रिया के दृष्टि से यज्ञ मनोवैज्ञानिक शिक्षण की सशक्त विधि है, जिसके द्वारा परोक्ष किंतु स्थाई प्रभाव मन पर पड़ता है व सुसंस्कारों का बीजारोपण होता है ।यह मात्र क्रिया कृत्य नहीं वरन अंतःकरण में श्रेष्ठ संस्कारों की स्थापना की एक सफल मनोवैज्ञानिक विधि है। गायत्री के एक-एक अक्षर को साक्षात देव स्वरूप में व्याख्या करते हुए मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सुरेंद्र सिंह ने कहा कि गायत्री के 24 अक्षरों में एक देवता का वास है। इन 24 अक्षरों में 24 ऋषियों का भी समावेश है देव शक्तियों विभूतियों का प्रतीक है और ऋषि शक्तियां श्रेष्ठाओं और सत्प्रवृत्तियों का प्रतिनिधित्व करती हैं। गायत्री का जाप करने से विभूतियां एवं श्रेष्ठाएं दोनों सहज रूप से हर मनुष्य को प्राप्त होती है। विद्यारंभ संस्कार के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा की राष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति का चक्र चलाने के लिए प्रखर तेजस्वी व्यक्तियों की बड़ी जरूरत है। यह तभी संभव होगा ,जब बाल्यावस्था से ही भावी पीढ़ी के नौनिहालों को संस्कार -परक शिक्षा दी जाए। एक बुराई त्यागने और एक अच्छाई ग्रहण करने का संकल्प लिया।

एक नजर

19 को बार एसोसिएशन का मतदान

गाजीपुर। तहसील बार एसोसिएशन जखनियां के पदाधिकारी का मतदान 19 जनवरी को 174 मतदाता करेंगे। जिसमें चुनाव अधिकारी विनोद सिंह, नेसार अहमद, रणविजय राम, रजनीकांत पांडेय, अखिलेश चौहान ने संयुक्त रूप से बताया कि आठ और 9 जनवरी को पर्चा वितरण 10 और 11 जनवरी को पर्चा दाखिला 12 जनवरी को जांच हुआ आपत्ति 19 जनवरी को पूर्वाह्न दस बजे से शाम तीन बजे तक मतदान और मतगणना का कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस मौके पर अभी से ही अध्यक्ष पद के लिए सभी श्रीप्रकाश वर्मा, रामदुलार राम, सुरजन सिंह कुशवाहा पूरी तरह से चर्चा में हैं। अन्य पदों पर पर्चा लेने के बाद ही पता चल पाएगा कि अन्य पदों पर कितने लोग चुनाव लड़ेंगे या निर्विरोध चुने जाएंगे।

बेरोजगार युवा रोजगार मेले का उठाएं लाभ

मऊ। जिला सेवायोजन अधिकारी एम आर प्रजापति ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, राऔप्र संस्थान, एवं कौशल विकाश मिशन मऊ के संयुक्त तत्वावधान में जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में सेवायोजित करने के उद्देश्य से जनपद मऊ में विकास खण्डवार रोजगार मेला दिनांक 10 जनवरी 2024 को कृषक महाविद्यालय कोइरियापार, विकास खण्ड कोपागंज जनपद मऊ, दिनांक 12 जनवरी 2024 को ग्लोबल आई०टी०आई० परिसर ख्वाजाजहापुर मऊ, तथा 13 जनवरी 2024 को रामलगन गहिला डिग्री कालेज अमिला, विकास खण्ड बड़राव जनपद मऊ में रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। रोजगार मेले में श्रीराम पिस्टन एण्ड रिंग प्रालि, छैनन क्लाईमेट सिस्टम इण्डिया प्रा०लि०, यजाकी इण्डिया प्रालि, एडुऐट मैनेजमेन्ट प्रालि, एसएन स्टाफिंग सल्यूशन, आमधानी प्रालि, क्वेस्स्कार्प प्रालि, टाटा मोटर्स तथा महामाया विकास गार्मेन्ट प्रालि, इत्यादि कम्पनियों भाग लेंगी।

नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण 10 जनवरी से

मऊ। जिला पूर्ति अधिकारी विकास गौतम ने बताया कि जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों, को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह जनवरी 2024 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण माह जनवरी 2024 में दिनांक 10 जनवरी 2024 से 25 जनवरी 2024 के मध्य किया जाएगा। उन्होंने ने यह भी बताया कि अन्त्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा0 गेहूं व 21 किग्रा० चावल (35 किग्रा० खाद्यान्न) प्रति कार्ड तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को उनके कार्ड से सम्बद्ध प्रत्येक यूनिट पर 02 किग्रा० गेहूं व 03 किग्रा० चावल (05 किग्रा० खाद्यान्न) का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। समस्त संबंधित उचित दर विकेतागण अपने-अपने दुकान के उक्त आशय की सूचना, सूचना-पट्ट पर प्रदर्शित करेंगे। जनपद के समस्त अन्त्योदन एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थी उक्त दिवस के मध्य अपने उचित दर विक्रेता के यहां से उपरोक्तानुसार आवश्यक वस्तुएं प्राप्त कर सकते हैं।

शीतलहरी में बच्चों का रखें ख्याल : डा रितेश

चंदौली। इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है । सर्दी से बचने के लिए लोग तरह तरह के इंतजाम कर रहे हैं। सर्दी में लंग्स से जुड़े इफैक्शन ज्यादा होते हैं । सर्दियों के दौरान ठंड से बचने के लिए ऊनी कपड़े व अलाव का हमेशा उपयोग करे । सबसे ज्यादा बच्चों को ख्याल रखें । सर्दियों के दौरान बच्चे असंख्य श्वसन सम्बंधित बीमारियों से प्रभावित हो सकते हैं । इस शीतलहरी से बचने व बचाने के लिए अपने स्वास्थ्य कर्मियों को ग्रामीणों में जागरूकता लाने के लिए हर गांव में जानकारी उपलब्ध कराये के लिए, चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. रितेश कुमार ने जानकारी दिया । कहा कि बच्चों को सर्दी से बचाने का ज्यादा से ज्यादा ख्याल रखे । हमलोग खानपान और जीवन शैली में बदलाव करके ठंड से बचा जा सकता है । ब्राउन फैट सेल यानी अंगूर ,मिर्ची,मूंगफली आदि वाले आहार लेने व और गर्म पानी पीने से ठंड कम लगती है । इसमें मेहनत वाला कार्य जरूर करें ।

किसानों का तौल किया गया धान बारिश में भींगा

गाजीपुर। राजकीय धान क्रय केंद्र सेवराई पर किसानों का तौल किया हुआ धान डंप पड़े होने से वह बारिश में भींग गया। जिससे संबंधित कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। कर्मचारियों ने तिरपाल के जरिए धान को ढंककर रखा है। भीषण शीतलहर और ठंड के कारण आम जनमानस का हाल बेहाल है। ऊपर से दो दिनों से हो रही हल्की बारिश से किसान चिंतित एवं परेशान हैं। किसानों ने बताया कि अभी धान को किसी तरह सुखाकर और राजकीय क्रय केंद्र पर बिक्री के लिए रखा गया है ऐसे में बारिश की वजह से धान भींगने की संभावना बढ़ गई है। इसके पश्चात नमी होने के कारण उसमें बिक्री के लिए पुनः इंतजार करना पड़ेगा। राजकीय धान क्रय केंद्र सेवराई पर किसानों से खरीदे गए धान विगत दिनों हुए ट्रक चालकों के हड़ताल के चलते डंप पड़ गया है जिससे धान को मिलरो को नहीं भेजा जा सका इस बाबत विपणन निरीक्षक शिवराय राकेश तिवारी ने बताया कि को सुरक्षित तिरपाल से ढक दिया गया है।